# २४ : डाक्टर

## प्रश्नावली

प्रश्न 1.पढो और बोलो

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कष्ट | तेज़ | पीठ | शाबाश | करना | परीक्षा | जाँच |
| करना | बुखार | खराब | सीना | खूब | चिंता | साँस |
| लेना | खाँसी | हलका | छाती | सिर्फ़ | नींद | भूख |
| लगना | परेशानी | मामूली | जीभ | गोली | बिलकुल | प्यास लगना |

प्रश्न 2.पढ़ो और समझो

1. मुझे बुखार है।
2. हमें खुशी है।
3. तुम्हें क्या कष्ट है?
4. आपको खाँसी भी है?
5. उसे आराम है।
6. उन्हें कोई बीमारी नहीं है।

प्रश्न 3.पढ़ो और समझो

| | | |
|---|---|---|
| तकलीफ़-कष्ट | खाना-खिलाना | चिंता-फ़िक्र |
| पीना-पिलाना | मामूली-साधारण | सीखना-सिखाना |
| हलका-भारी | तेज़-धीमे | खराब-अच्छा |
| पास-दूर | पसंद-नापसंद | दिन-रात |

प्रश्न 4.तालिका के प्रत्येक भाग से एक एक शब्द लेकर वाक्य बनाइए

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुझे | उस बात की | चिंता है | | |
| रमेश को | कल से | कष्ट | लगती है। | |
| पिता जी को | बड़ी | बुखार | लगी है। | |
| लीला को | | खुशी | | है |

हमें भूख

प्रश्न 5. समान अर्थ वाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाओ।

प्रश्न 6. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे करो ।

हलका, नींद, पसंद, कष्ट, गोली

1. खाँसी के कारण रात भर.......नहीं आती।
2. मुझे सेब और संतरा.......... है।
3. बताओ तुम्हें क्या....... है?
4. रमेश को........ खाना देना चाहिए।
5. रात को सोने से पहले यह.........खिलाइए।

प्रश्न 7. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो

नमूना : मैं परेशान हूँ।

मुझे परेशानी है।

1.गीता बहुत खुश है।
2.हम बहुत चिंतित हैं।
3.रमेश एक महीने से परेशान है।

प्रश्न 8. प्रश्नों के उत्तर दो

1.रमेश को क्या कष्ट है?
2.सुशीला को किस बात की चिंता है?

3. रमेश ने डॉक्टर से क्या कहा?
4.डॉक्टर ने जाँच करने के बाद सुशीला से क्या कहा?
5.डॉक्टर ने रमेश को क्या खाने की सलाह दी?

# उत्तर

उत्तर 1: छात्र स्वयं ऊपर लिखे शब्दों को पढ़ें और बोले।

उत्तर 2: छात्र स्वयं ऊपर लिखे वाक्यों को पढ़ें और समझें।

उत्तर 3: छात्र स्वयं ऊपर लिखे वाक्यों को पढ़ें और समझें।

उत्तर 4:
1. मुझे उस बात की चिंता है।
2. रमेश को कल से बुखार है।
3. पिता जी को कल से कष्ट है।
4. लीला को बड़ी भूख लगती है।
5. हमें भूख लगी है।

उत्तर 5:
1.कष्ट - परेशानी
2.मामूली - साधरण
3.ठीक - सही
4.बुखार - ज्वर
5.सीना - छाती

उत्तर 6:
1. खांसी के कारण रात भर <u>नींद</u> नहीं आती।
2. मुझे सेब और संतरा <u>पसंद</u> है।

3. बताओ तुम्हें क्या <u>कष्ट</u> है ?
4. रमेश को <u>हलका</u> खाना देना चाहिए।
5. रात को सोने से पहले यह <u>गोली</u> खिलाईए।

उत्तर 7: 1.गीता को बहुत खुशी है।
2.हमें बहुत चिंता है।
3.रमेश को एक महीने से परेशानी है।

उत्तर 8: 1.रमेश को खाँसी है ।
2.सुशीला को स्कूल में शुरू होने वाली परीक्षा की चिंता है।
3.रमेश ने डॉक्टर से कहा कि डॉक्टर साहब, मुझे खाँसी आती है।खाँसी के कारण रात भर नींद नहीं आती।
4.डॉक्टर ने कहा कि नहीं कोई खास बात नहीं सर्दी-जुकाम के कारण मामूली बुखार है ।
5.डॉक्टर ने रमेश को सब्जियों को सूप पीने की और हल्का खाना खाने की सलाह दी ।